पंजीकृत संख्या (34T/C)
मोबाइल : 9654573545, 9990149937

# दि0 आदर्श को0 औप0 अर्बन थ्रिफ्ट एण्ड क्रेडिट सोसायटी लि0

29/1, शिव कॉम्पलेक्स, भोला नाथ नगर, शाहदरा, दिल्ली – 110032

प्रिय सदस्यों,

आपको सूचित करते हुए हमें हर्ष हो रहा है कि दि आदर्श को0 ऑपरेटिव अर्बन थ्रिफ्ट एण्ड क्रेडिट सोसायटी लि0 की साधारण वार्षिक सभा दिनांक 11–10–2025 दिन शनिवार को दोपहर 12.00 PM बजे गीता भवन, भोलानाथ नगर, शाहदरा, दिल्ली–32 में होनी निश्चित हुई है ।

यदि उपरोक्त तिथि को निर्धारित समय में एक घण्टा अर्थात 1.00 PM बजे तक आवश्यक उपस्थिति पूर्ण न हो सकी तो सभा स्थगित कर दी जायेगी और सभा आधे घण्टे पश्चात् अर्थात 1.30 बजे उसी दिन एवं उसी स्थान व उसी कार्यक्रम पर विचार करने के लिए होगी । स्थगित बैठक आवश्यक उपस्थिति पूरी न होने की दशा में भी वैध मानी जायेगी ।

यदि कोई सदस्य विचारणीय विषय 9 के आधीन अपना प्रस्ताव या सुझाव पेश करना चाहे तो उसकी एक प्रति सोसायटी को कार्यालय में 10-09–2025 तक भेज दें । उसके बाद कोई प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा । प्रस्ताव पेश करने की अनुमति देना या न देना अध्यक्ष जी के आधीन होगा ।

सभी सदस्यों का ध्यान हम इस ओर आकर्षित कराना चाहते हैं कि हमेशा की तरह इस वर्ष भी माता की चौकी का आयोजन किया जा रहा है जिसकी तिथि 11–10–2025 दिन शनिवार सांय 07.00 PM निश्चित की गई है व सांय 07.00 PM प्रति वर्ष की तरह प्रतिभोज का भी प्रबन्ध किया जायेगा व भण्डारे का आयोजन दिनांक 12–10–2025, दिन रविवार, दोपहर 12 बजे, सोसायटी कार्यालय 29/1, शिव कॉम्पलेक्स, भोलानाथ नगर, दिल्ली रहेगा ।

## विशेष सूचना

कार्यालय पंजीयक समीति के सर्कुलर संख्या F-No. 47/AR/BKG/349/2025/2084-85 दिनाँक 01-08–2025 के निर्देशानुसार सभी बचत और ऋण सहकारी समितियों के उपहार वितरण करने की राशि सीमा निर्धारित की है। इस सर्कुलर को विस्तारपूर्वक जानने के लिए सोसायटी की वेबसाईट www.theadarshsociety.com पर या कार्यालय पंजीयक समीति की वेबसाईट https://rcs.delhi.gov.in पर देखा जा सकता है । अतः इस सम्बन्ध में प्रबन्धक कमेटी ने यह निर्णय लिया है कि उपहार आदि का वितरण नहीं किया जाएगा । यद्यपि सदस्य को शेयर मनी का लाभांश गिफ्ट के रूप में व अन्य लाभांश लाभार्थी के खाते में दिया जाता रहा है परन्तु अब गिफ्ट न देकर शेयर मनी की समस्त लाभांश राशि नगद भुगतान की जायेगी या उनके खाते में जमा की जायेगी ।

सदस्य AGBM 11-10-2025 में गीता भवन से शेयर मनी का लाभांश नगद प्राप्त कर सकते हैं व दिनांक 12–10–2025 भंडारे वाले दिन भी शेयर मनी का लाभांश प्राप्त कर सकते हैं यदि कोई सदस्य उपस्थित नहीं हो पाता है तो उसकी शेयर मनी की समस्त लाभांश राशि उसके खाते में जमा कर दी जायेगी ।

**कार्यक्रम**

1. ईश वन्दना और हवन पूजा (प्रातः 9.00 बजे कार्यालय में)
2. मुख्य अतिथि एवं प्रतिष्ठित अतिथियों का स्वागत ।
3. समिति के अध्यक्ष द्वारा समस्त सदस्यों का स्वागत एवं समिति की उपलब्धियों पर प्रकाश ।
4. गत वार्षिक सभा एवं गत वर्ष में कार्यकारिणी समिति की बैठकों की कार्यवाही पर विचार एवं स्वीकृति ।
5. वर्ष 2024–2025 की आडिट रिर्पोट पर विचार एवं स्वीकृति ।
6. नये सदस्यों के प्रवेश तथा त्याग पत्रों की पुष्टि ।
7. वर्ष 2024–2025 के चिटठे् तथा आय व्यय खाते पर विचार तथा लाभ का विवरण।
8. नियम/उपनियम में संशोधन पर विचार विमर्श व स्वीकृति ।
9. अन्य कार्य सभापति महोदय की आज्ञानुसार ।

**नोट : आपसे अनुरोध है इस पत्र को ध्यानपूर्वक अध्ययन करने का कष्ट करें जिससे आपको सोसायटी के कार्यों का महत्व तथा अपने उत्तरदायित्व की भली भाँति जानकारी हो जाए ।**

धन्यवाद

(जे0पी0 सिंह)
अवैतनिक अध्यक्ष